# समाहरणालय, पश्चिम चम्पारण, बेतिया (बिहार)

## Collectorate: West Champaran, Bettiah

:-06254 – 242534 (Off.) E-mail :- dm-bettiah.bih@nic.in
:-06254 – 232535 (Res.)/242576 (Fax) Web :- http://westchamparan.nic.in

**(जिला गोपनीय शाखा)**

पत्रांक 598/गो.,

प्रेषक,

**दिनेश कुमार राय भा.प्र.से.**
जिला पदाधिकारी,
पश्चिम चम्पारण, बेतिया।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना

बेतिया, दिनांक 15/12/2024

Email Sent 15/12/2024

विषय :- माननीय मुख्यमंत्री बिहार का पश्चिम चम्पारण जिले के बगहा-2 प्रखण्ड अंतर्गत संतपुर सोहरिया पंचायत के ग्राम-घोठवा टोला में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के आलोक में वाल्मीकिनगर 3-आर.डी. से संतपुर सोहरिया तक जाने वाली सड़क के निर्माण के संबध में।

महाशय्

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि माननीय मुख्यमंत्री बिहार का पश्चिम चम्पारण जिले के बगहा-2 प्रखण्ड अंतर्गत संतपुर सोहरिया पंचायत के ग्राम- घोठवा टोला में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। घोठवा टोला जाने हेतु जंगल सफारी रास्ते के अलावा एक मात्र सड़क वाल्मीकिनगर 3-आर.डी. से संतपुर सोहरिया सड़क (लंबाई 10.00 कि0मी0 लगभग) है। वर्तमान में यह सड़क काफी जर्जर है। माननीय मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के आलोक में इस सड़क का निर्माण शीघ्र कराना अतिआवश्यक है। स्मरणीय है कि इस सड़क के निर्माण हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा दूरभाष के माध्यम से भवदीय का ध्यान आकृष्ट कराया गया था।

अतः भवदीय से अनुरोध है कि वाल्मीकिनगर 3-आर.डी. से घोठवा टोला तक जाने वाली सड़क के शीघ्र निर्माण हेतु कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल संख्या-1, बगहा को निदेशित करने की कृपा की जाय।

Awdhesh Ji (SDO), start works of site 15/12/24

विश्वासभाजन

जिला पदाधिकारी,
पश्चिम चम्पारण, बेतिया।

ज्ञापांक 598/गो. बेतिया, दिनांक 15/12/2024

प्रतिलिपि :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल संख्या-1, बगहा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :- अनुमण्डल पदाधिकारी, बगहा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :- उप विकास आयुक्त/अपर समाहर्त्ता, पश्चिम चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

जिला पदाधिकारी,
पश्चिम चम्पारण, बेतिया।